कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांक – शिविरा/मा/खेलकूद–3/35665/निर्णायक/2021–22/ दिनांक 01.10.2021

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा

अति आवश्यक

विषय :– राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में प्रति नियुक्त किये जाने वाले खेल प्रशिक्षकों/शारीरिक शिक्षकों (तृतीय/द्वितीय/प्रथम श्रेणी) की सूचना के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभाग द्वारा संचालित विद्यालयी खेलों की राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं में चयन कार्य, निर्णायक कार्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगितार्थ चयन/प्रशिक्षण कार्य के लिए खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत समस्त खेल प्रशिक्षकों/व्याख्याता शारीरिक शिक्षा/वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक/शारीरिक शिक्षकों से सम्बद्व डाटा को कम्प्यूटरीकृत किया जाना है।

अतः आपके कार्यालय मे पदस्थापित समस्त खेल प्रशिक्षकों/व्याख्याता शारीरिक शिक्षा/वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक/शारीरिक शिक्षका (पुरूष एवं महिला) से वांछित सूचना प्राप्त करके संलग्न एक्सल सीट में भरकर दिनांक 10–10–2021 तक इस कार्यालय को अग्रप्रेषित पत्र के साथ सॉफ्टकॉपी और कागजात (प्रशैक्षणिक योग्यता, एन.आई.एस प्रमाण–पत्र, खेल प्रमाण–पत्र) नामवार पीडीएफ बनाकर ई–मेल **sec.sportsbkn@yahoo.com** पर उपलब्ध करावें

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

संलग्न :– एक्सेल प्रारूप।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. सिस्टम एनालिस्ट (संयुक्त निदेशक) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
2. समस्त संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) को प्रेषित कर लेख है कि समय पर उक्त कार्य सम्पादित हो, के लिए अपने अधिनस्थ जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) से कार्य की सुनिश्चितता का प्रमाण लेकर तत्काल इस कार्यालय को अवगति देवे।
3. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (खेलकूद)
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Rajasthan Education Department
सत्यमेव जयते